# कार्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण
## (प्रशासनिक शाखा)
Email-Id- Deosaran.edn@gmail.com
Mobile-no- +918544411907

पत्रांक 1641

सेवा में,

सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी
सभी प्रधानाध्यापक,
प्रारंभिक विद्यालय
सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक
राजकीय/राजकीयकृत/प्रोजेक्ट/उत्क्रमित, उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सारण
संबंधित लिपिक/ डाटा इंट्री ऑपरेटर
कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी,
(स्थापना संभाग) सारण।

छपरा, दिनांक 11/08/2026

विषयः– लंबित मातृत्वकाश, चिकित्सावकाश, अर्जितावकाश, बर्धित महंगाई भत्ता, बकाया वेतन, सहित अन्य लंबित कार्यों का अविलंब निष्पादन करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक, अंकित करना है कि विभागीय/जिला स्तरीय विभिन्न बैठकों में ई–शिक्षाकोष ऑनलाईन पोर्टल पर प्राप्त Grievance, सहयोग पोर्टल, जिला पदाधिकारी महोदय के जनता दरबार में तथा अन्यान्य माध्यमों से शिक्षकों के मातृत्वकाश, चिकित्सावकाश, अर्जितावकाश, बर्धित महंगाई भत्ता, बकाया वेतन, योग्यता विस्तार, अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, सेवान्त लाभ बकाया भुगतान, मकान किराया भत्ता, दिव्यांग भत्ता, शहरी परिवहन भत्ता, EPF, HRMS Correction सहित अन्य सभी लंबित मामलें की शिकायतें बड़ी संख्या में प्राप्त हो रही है। इस प्रकार शिकायतों को निबटारे के लिए समीक्षोपरान्त आप सभी को निम्न निदेश दिये जाते हैं:–

1. सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, सभी प्रकार के प्रारंभिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अपने विद्यालय अन्तर्गत सभी शिक्षकों के साथ बैठक करते हुए विषयांकित समस्या से संबंधित आवेदन के साथ संगत अभिलेख संलग्न कर अविलंब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को अग्रसारण पत्र के माध्यम से हस्तगत करावेंगे।

सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ऐसे पत्रों को प्राप्त कर पंजी में दर्ज करते हुए संबंधित प्रधानाध्यापक को पावती रसीद उपलब्ध कराते हुए लंबित वेतन भुगतान के मामलें में भुगतान नहीं होने का कारण दर्ज कर यथाशीघ्र कार्यालय में संलग्न प्रपत्र के साथ अनिवार्य रूप से प्राप्त करा देंगे। साथ ही पूर्व में इस मद का भुगतान नहीं हुआ है यह भी सभी शिक्षकों से प्राप्त करेंगे।

2. सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षक तथा पंचायत शिक्षक के संदर्भ में इसी प्रकार मातृत्वकाश, चिकित्सावकाश, अर्जितावकाश, बर्धित महंगाई भत्ता, बकाया वेतन, सहित अन्य लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संगत अभिलेखों के साथ कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। नियोजित शिक्षकों तथा अन्य शिक्षकों के अभिलेख तथा आवेदन पत्र पृथक–पृथक फोल्डर में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

3. सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्राप्त सभी मामलों को सूचीबद्ध करते हुए सभी अनुलग्नकों सहित कार्यालयों को उपलब्ध करायेंगे। उपरोक्त के आलोक में दिनांक 22.08.2026 तक सभी प्रभार के आवेदन पत्रों को प्राप्त करते हुए उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अतः आप सभी प्राथमिकता के आधार पर आवेदन पत्र व अभिलेख प्राप्त करते हुए स्थापना संभाग में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सभी वेतन भुगतान प्रभारी लिपिक/डाटा इंट्री ऑपरेटर अपने लंबित कार्यों का निबटारा तथा ई–शिक्षाकोष पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित लिपिक/ डाटा इंट्री ऑपरेटर द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता/ लापरवाही/टाल-मटौल बरतने की स्थिति में सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सारण, छपरा

ज्ञापांक 1641 छपरा, दिनांक 11/08/2026

प्रतिलिपिः– सभी शिक्षक, राजकीय/राजकीयकृत/उत्क्रमित/प्रोजेक्ट उच्च माध्यमिक एवं प्राथमिक, मध्य विद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– MIS प्रभारी, समग्र शिक्षा सारण को निदेश है कि इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सारण, छपरा।

प्रपत्र 'क'

| शिक्षक का नाम | पदनाम | बकाया वेतन की अवधि | वेतन बकाया होने का कारण | पूर्व पदस्थापित जिला का नाम | वर्तमान जिले में पदस्थापन की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

वेबसाईटः– https://bepsaran.in पर देखा जा सकता है।